मेट्रो-3 से घटेगा ट्रैफिक

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. बहुप्रतीक्षित प्रकल्प मुंबई मेट्रो-3 (बांद्रा-सीप्ज-कोलाबा) के शुरू होने से शहर के सड़कों की 35 प्रतिशत भीड़ कम हो जाएगी. गुरुवार को एमएमआरसीएल की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने बताया कि यह प्रोजेक्ट काफी फायदेमंद होगा.

इसका निर्माण कार्य इस फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत में ही आरंभ किया जाएगा. 23,136 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाली मुंबई मेट्रो-3 मुंबईकरों के लिए कई मायने में फायदेमंद साबित होगी. गुरुवार को पत्रकारों को अश्विनी भिड़े ने बताया कि ट्रैक रूट में जो परिवार प्रभावित होगा, उन्हें बकायदा पुनर्वसित किया जाएगा. उसके बाद ही काम आगे बढ़ाया जाएगा. भिड़े ने कहा कि पुनर्वसन मामले को लेकर वे लगातार म्हाडा, एमसीजीएम, एसआरए और एमबीपीटी से बात कर रही हैं, जिससे किसी भी परिवार को कोई दिक्कत न हो.

प्रस्तावित किराया

दूरी	भाड़ा (रु. में)
0-3 किमी.	11
3-8 किमी.	13
8-12 किमी.	16
12-15 किमी.	20
15-20 किमी.	24
20-25 किमी.	27
25-30 किमी.	30
30-35 किमी.	33
35 से आगे	37

स्टेशन कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट मेट्रो, हुतात्मा चौक स्टेशन, कालबा देवी, गिरगांव, ग्रांट रोड मेट्रो स्टेशन, सेन्ट्रल स्टेशन, महालक्ष्मी मेट्रो, साइंस म्यूजियम, आचार्य अत्रे चौक स्टेशन, वर्ली स्टेशन, सिद्धिविनायक, दादर मेट्रो स्टेशन, शीतलादेवी स्टेशन, धारावी स्टेशन, बांद्रा मेट्रो, विद्यानगरी, सांताक्रुज स्टेशन, सीएसए डोमेस्टिक, सहार रोड, सीएसए इंटरनेशनल, मरोल नाका, एमआईडीसी, अंधेरी (सीप्ज), आरे मिल्क कॉलोनी (डिपो).